सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-412
01/10/2018

# जन अभियान चलाने से लोगों में जागरुकता एवं जागृति आएगी, जिससे शहर की सूरत बदलेगी :– मुख्यमंत्री

पटना, 01 अक्टूबर 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 150वें जन्म वर्ष की पूर्व संध्या पर पटना नगर निगम के डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण के लिए वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का रिमोट के माध्यम से शिलान्यास किया। इस अवसर पर 'संवाद', मुख्यमंत्री सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह खुशी की बात है कि आज बापू जयंती की पूर्व संध्या पर नगर निगम ने विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया है, जिसमें डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण के लिए वाहनों का प्रबंध किया गया है। इसके तहत प्रत्येक वार्ड में 5 वाहनों की उपलब्धता होगी ताकि कचरा संग्रहण की उचित व्यवस्था हो सके। कचरे को उचित स्थान पर पहुंचाने के तत्पश्चात बिजली का उत्पादन भी वेस्ट टू एनर्जी प्लांट के माध्यम से किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बापू ने स्वच्छता का संदेश दिया था। उन्होंने चंपारण यात्रा के दौरान साफ–सफाई पर विशेष ध्यान दिया था। अभी एक लघु फिल्म दिखायी गई, जिसके माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया। हमलोग पटना सहित राज्य के अन्य शहरों एवं गांवों के लिए भी स्वच्छता के लिए काम कर रहे हैं। हर घर नल के जल के द्वारा पीने का स्वच्छ पानी, बिजली की व्यवस्था, पक्की गली–नाली का निर्माण, शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है लेकिन कचरा प्रबंधन एवं गंदगी को दूर करने की मानसिकता भी लोगों में विकसित करनी होगी ताकि पूरा समाज और आस–पास के इलाके को स्वच्छ रखा जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी वर्ष जापान यात्रा के दौरान वहॉ की बेहतर साफ–सफाई व्यवस्था को देखने का मौका मिला। लोगों से पूछने पर यह जानकारी मिली कि वहॉ के लोगों की मानसिकता ही साफ–सफाई की मुख्य वजह है। हर उम्र के लिए लोग किसी भी स्थल पर कचरे को उचित स्थल पर रख देते हैं। हमलोगों को अपने यहां इसी तरह की मानसिकता बनानी होगी। बापू के विचारों के प्रति प्रतिबद्धता बनाए रखते हुए जन अभियान चलाने की जरुरत है। जागरुकता अभियान पर इसका व्यापक असर पड़ेगा और लोगों में जागृति आएगी, जिससे शहर की सूरत बदलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर विकास विभाग गीला एवं सूखे कचरे के कलेक्शन के लिए अलग–अलग व्यवस्था कर रही है। छोटे वाहन से कचरा उठाया जाएगा और फिर बड़े वाहन के द्वारा उचित स्थान पर कचरे को पहुंचाया जाएगा। कचरे का उचित प्रबंधन कर बिजली का भी उत्पादन किया जायेगा। मुझे जो जानकारी मिली है उसके अनुसार अमेरिका की कंपनी इस काम को करेगी और कचरे के बदले में उसका मूल्य भी देगी। आज इसका शिलान्यास हुआ है और एक वर्ष के अंदर यह काम पूर्ण हो जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पेयजल पाइप लाइन पहुंचाने की योजना के तहत राज्य के सभी 3,250 शहरी वार्डों में से 2,040 वार्डों में पेयजल पहुंचाने का काम शुरु हुआ है, जिसमें से 223 वार्डों में काम पूर्ण हो गया है। 3,121 वार्डों में से पक्की गली नाली का काम शुरु हुआ है,

जिसमें 203 वार्डो में काम पूर्ण हो गया है। 3,200 वार्डों एवं 62 नगर निकाय खुले में शौच से मुक्त हो गये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसे फिर से जांच करवा लें। 2 अक्टूबर 2019 तक बिहार को ओ0डी0एफ0 बनाना है। अगले दो वर्षों में सात निश्चय योजनान्तर्गत विकेंद्रीकृत तरीके से शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, हर घर नल जल योजना के तहत वार्डों के द्वारा करायी जाएगी और क्वालिटी इफेक्टेड एरिया में पी0एच0ई0डी0 के द्वारा शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा, यही स्वच्छता का सही स्वरुप होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार का गौरवशाली इतिहास रहा है। नई पीढ़ी में जागरुकता एवं सम्मान का भाव पैदा करने के लिए कई चीजों का निर्माण किया जा रहा है। हाल ही में देश में पहला अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बिहार संग्रहालय का निर्माण कराया गया है। इसकी चर्चा राज्य के बाहर हो रही है। देश के बाहर एवं राज्य के बाहर के लोग यहां आने पर इस संग्रहालय में एक बार जरुर आते हैं। सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र का निर्माण कराया गया है, जिसके अंदर पांच हजार की क्षमता वाला बापू सभागार है, ज्ञान भवन एवं सभ्यता द्वार हैं। यहां सम्राट अशोक की सांकेतिक मूर्ति बनायी गई है, जिसमें चंडाशोक से धम्माशोक बनने को दर्शाया गया है। बापू सभागार विशिष्ट तकनीक से स्टील स्ट्रक्चर का बनाया गया है। जिस तरह दिल्ली का विज्ञान भवन विशिष्ट है, उसी प्रकार पटना का ज्ञान भवन अपने आप में विशिष्ट है। सभ्यता द्वार भी अपने आप में अद्भुत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना में विशिष्ट प्रकार के पुलिस भवन का निर्माण भी कराया जा रहा है। आठ रिक्टर पैमाने पर आने वाले भूकंप की ताकत को भी सहन करने की इसकी क्षमता होगी। डिजास्टर मैनेजमेंट इसी भवन के माध्यम से किया जाएगा। भवन के ऊपर में हेलिपैड का निर्माण कराया गया है। पटना में ही मेट्रो रेल का शुभारंभ होने वाला है। गांधी पथ, लोहिया पथ चक्र का निर्माण कार्य तेजी में है। पांच हजार की बेड की क्षमता वाला पी0एम0सी0एच0 का नवनिर्माण कराया जा रहा है। बिहटा में अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट का निर्माण कराया जा रहा है और वहां तक आवागमन के लिए एलिवेटेड सड़क का निर्माण भी कराया जा रहा है। छह मंजिला बापू टावर का निर्माण पटना के गर्दनीबाग में कराया जाएगा, जो बापू के विचारों, उनके व्यक्तित्व एवं उनसे जुड़ी अन्य जानकारी देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर विकास विभाग अपने अंतर्गत एक इंजीनियरिंग ऑर्गनाइजेशन की व्यवस्था कर रहा है ताकि नगर निकायों के अंतर्गत होने वाले निर्माण कार्य एवं रखरखाव को उचित ढंग से कराया जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी जो पटना नगर निगम की महापौर ने वार्ड मेंबरों की वेतन वृद्धि के संबंध में जो बातें कहीं हैं, उसके बारे में एक विस्तृत ब्योरा बना लें। सरकार नगर निकायों एवं पंचायती राज प्रतिनिधियों को मानदेय देती है। नगर निकायों को अपने होने वाले आमदनी का ब्योरा बनाना चाहिए और उसके आधार पर नगर विकास विभाग निर्णय करे, सरकार उसमें सहायता करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिलाव के पीछे एक कस्बे में कचरे के प्रबंधन को जीविका दीदीयां अलग–अलग तरह से विभाजित कर उसे समायोजित कर रही हैं। जैसा कि प्रधान सचिव ने बताया है कि मुजफ्फरपुर में कचरे का उचित प्रबंधन कर उसका फर्टिलाइजर के रुप में बदलाव किया जाएगा यानि अलग–अलग शहरों के लिए वहां की उपयोगिता के अनुसार कचरे का प्रबंधन किया जाएगा। यह एक अच्छी व्यवस्था होगी। प्लास्टिक कैरी बैग को प्रतिबंधित कर वैकल्पिक साधन उपलब्ध कराने की योजना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं पटना के जिलाधिकारी से फिर कहना चाहता हूं कि सड़क पर घूमने वाले आवारा पशुओं का उचित प्रबंधन करें उसके लिए उन्हें गोशाला तक पहुंचाया जाए और जरुरी हो तो उसके रखरखाव के लिए उचित प्रबंध करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 02 अक्टूबर 2019 के पहले राज्य को ओ0डी0एफ0 बनाने का संकल्प लें। खुले में शौच से राज्य को मुक्त बनाएं। दो वर्ष के अंदर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था

के लिए काम किया जा रहा है। इन सब चीजों के लिए अभियान चलाते रहने की जरुरत है। अगर शुद्ध पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था हो जाए तो आज होने वाली 90 प्रतिशत बीमारियों से छुटकारा मिल जायेगा। आज ही सफाई कर्मियों को खादी का ड्रेस देने की शुरुआत की गई है, यह अच्छी पहल है। अगर शहर स्वच्छ रहेगा और बाहर से आने वाले लोग इसकी प्रशंसा करेंगे तो आत्मसम्मान का भाव हर राज्यवासियों के अंदर पैदा होगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने खादी की वर्दी का प्रतीकात्मक वितरण श्री भूखन राम को किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अत्याधुनिक सिटी ऑफ पटना एप्प का शुभारंभ भी किया। इस मौके पर स्वच्छता पर आधारित एक वीडियो फिल्म का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के अंत में बापू एवं बिहार विभूतियों पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म भी प्रदर्शित की गयी। नगर आयुक्त श्री अनुपम कुमार सुमन ने मुख्यमंत्री का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंटकर किया।

कार्यक्रम को नगर विकास मंत्री श्री सुरेश कुमार शर्मा, पटना नगर निगम की महापौर श्रीमती सीता साहू, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव श्री चैतन्य प्रसाद ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक श्री अरुण कुमार सिन्हा, विधायक श्री संजीव चौरसिया, उपमहापौर श्री विनय कुमार पप्पू, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, पटना के आयुक्त श्री आर0एन0 चोंग्थु, हुडको के प्रबंध निदेशक श्री अमरेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य पार्षदगण एवं पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

******